# अजमेर जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट में 14 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू हुये

- इन्वेस्टर्स समिट में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने उद्यमियों के साथ संवाद किया
- राजस्थान की पहचान उद्यम लगाने के लिए अनुकूल राज्य के रूप में हो : दिया कुमारी



अजमेर में जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने उद्यमियों के साथ संवाद किया।

**अजमेर,** (कासं)। जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन शुक्रवार को हुआ। इसमें उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने उद्यमियों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में 14 हजार 26 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट 2024 के अन्तर्गत जिला स्तरीय इन्वेर्स्टस मीट अजमेर का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार पहले वर्ष में ही उद्यम स्थापना पर जोर दे रही है। बड़ी संख्या में एमओयू किए जा रहे हैं। इस निवेश से राज्य में रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान में किए गए एमओयू कुछ ही समय में धरातल पर दिखने लगेंगे। इसके वास्तविक परिणाम अगले चार वर्षों में सबके सामने होंगे।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि सरकार ने राजस्थान के भविष्य को संवारने के बारे में सोचा है। यहां के निवासियों को अच्छे स्तर पर रोजगार मिलेगा। वर्तमान में सरकार द्वारा किए गए एमओयू धरातल पर उतरेंगे। इसके लिए समस्त अधिकारी मिलकर कार्य करें। भूमि, नीतिगत निर्णयों, विभिन्न अनापत्तियों सहित समस्त कार्य तत्काल किए जाने चाहिए। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि अजमेर में अन्य जिलों से अधिक संभावनाएं हैं। सरकार इन संभावनाओं को वास्तविकता में लाने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में अभी जिला स्तरीय इनवेस्टर्स मीट का आयोजन किया जा रहा है। इसके पश्चात राज्य स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट आयोजित होगी। इससे निवेशकों द्वारा उद्यम स्थापित किए जाएंगे। क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिलने से आर्थिक समृद्धि आएगी। अजमेर जिले में सर्वाधिक निवेश आकर्षित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रौन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि उद्यमी अजमेर की रीड की हड्डी है। इनके बूते ही अजमेर आर्थिक रूप से मजबूत है। पूर्व मंत्री एवं अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने कहा कि सरकार की मंशा राजस्थान एवं उद्यमियों को आगे बढ़ाने की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए रिप्स 2024 की घोषणा की गई है। उद्यम स्थापना से रोजगार की वृद्धि होती है। इससे व्यक्तियों का जीवन स्तर उच्च होगा। लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष कुणाल जैन ने कहा कि राइजिंग राजस्थान से उद्यमिता के दुर्लभ गुण को पहचान मिली है।

इस जिला स्तरीय मीट में विभिन्न उत्पादों व सेवाओं यथा मार्बल एण्ड ग्रेनाईट हैण्डीक्राफ्ट, फूड प्रोडक्ट्स, हैण्डलूम, एम्ब्रोयडरी व हैण्डीक्राफ्ट, मशीनरी टूल्स आदि से संबंधित उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। इसका उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में जिले में निवेश के औद्योगिक परिदृश्य एवं संभावनाएं विषय पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने कहा कि इस जिला स्तरीय इन्वेर्स्टस मीट अजमेर के सफल आयोजन के लिए विभिन्न औद्योगिक संघों, वृहद एवं मध्यम इकाईयों के सहयोग तथा समन्वय से विभिन्न क्षेत्रों यथा मार्बल व ग्रेनाईट, टैक्सटाइल, चिकित्सा, शिक्षा, होटल व रिसोर्ट, खनन, सौलर, एग्रो व फूड प्रोसेसिंग क्षेत्रों में विभिन्न विभागों द्वारा लगभग 14 हजार 26 करोड़ के 301 एमओयू सम्पादित किए गए हैं। इनके द्वारा प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 15 हजार 360 व्यक्तियों के लिए रोजगार का सृजन होगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा 3 हजार 739 करोड़ के 210, रीको द्वारा 48 करोड़ के 8, अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा 10 हजार 144 करोड़ के 56, पर्यटन विभाग द्वारा 47 करोड़ के 5, खान एवं भू-विज्ञान द्वारा 14 करोड़ के 16 तथा कृषि विपणन बोर्ड द्वारा 31 करोड़ के 6 एमओयू किए गए हैं।

कार्यक्रम में भगवती मशीन, धरतीधन स्टोनेक्स, केशव इंडस्ट्रीज, वेमोरा टाइल्स, एसआर रिजोर्टस, श्रीराम सुपरस्पेशलिटी सर्जिकल, भुवन रिजोर्टस, होटल हिल्स व्यू, भंडारी मार्बल वर्ल्ड, अराम्स टेक्सटाइल, वर्धमान होटल्स, मास्टर रिजोर्टस, एमवाइट इंटरनेशनल, मिलमेन मैटल्स एवं अतुल रिजोर्टस के साथ एमओयू किए गए। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त महेश चन्द्र शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, अजमेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त नित्या के., नगर निगम के आयुक्त देशलदान, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक अंजय विश्वकर्मा, अध्यक्ष रमेश सोनी, किशनगढ़ मार्बल एशोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर जैन सहित जिले के उद्यमी उपस्थित थे।

## आडवाणी को दी बधाई

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री लालकृष्ण आडवाणी के जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। देवनानी ने कहा है कि राष्ट्र के विकास में आडवाणी का अभिन्न योगदान है। उनके स्टेटमैनशिप ने देश को आगे बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सनातन संस्कृति के प्रसार में उनका अभूतपूर्व योगदान है। सिन्धु दर्शन यात्रा आडवाणी की पहल का ही परिणाम है।

## युवा विंग व महिला विंग की नई टीम की घोषणा

**ब्यावर** (निसं) जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के ब्यावर चैप्टर ने 2024-26 के कार्यकाल के लिए युवा विंग और महिला विंग की नई टीम की घोषणा की है। इस अवसर पर ब्यावर चैप्टर के चेयरमैन रतन प्रकाश कोठारी ने बताया कि यह नई टीम युवा और महिला सदस्यों को संगठन के उद्देश्यों की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढ़ाने में मदद करेगी और समाज में महत्वपूर्ण योगदान देगी। नई टीम का नेतृत्व युवा विंग के चेयरमैन सिद्धार्थ श्रीश्रीमाल और महिला विंग की चेयरपर्सन रेणु छाजेड़ करेंगे। नई टीम के पदाधिकारी मुख्य सचिवः मोहित कुमठ, कोषाध्यक्षः प्रवीण मकाणा,उपाध्यक्षः मोहित जैन और ऋषभ मोदी,सचिवः प्रणीत तातेड और आशीष जांगडा,संयुक्त कोषाध्यक्षः आशीष संचेती होंगे।

## ब्रह्माकुमारी के नवनिर्मित राजयोग भवन का उद्घाटन

**अजमेर,** (कासं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रामेश्वरम विद्यापीठ के पास फॉयसागर रोड नव निर्मित राजयोग भवन का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया है। सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी इंदिरा बहन ने बताया कि 9 नवंबर को राजयोगी शिक्षक सूरज भाई द्वारा प्रातः ब्रह्ममूर्त 4 बजे 5 बजे तक से विघ्न विनाशक तपस्या का शुभारंभ होगा उसके बाद 10 से 2बजे तक तपस्या का कार्यक्रम रहेगा।

द्वारका नगर सेवा केंद्र की संचालिका बी के रूपा ने प्रेस वार्ता में बताया कि 10 नवंबर को 8.30 बजे से शोभा यात्रा संत कंवर राम कॉलोनी फॉयसागर रोड प्रारंभ होकर बैंड बाजे के साथ अतिथियों को बघी में बिठा कर शोभा यात्रा रवाना होगी और राजयोग भवन गणेश कॉलोनी पहुंचेगी जहां अजमेर की क्षेत्रीय संचालिका डॉक्टर राजयोगनी शांता बहन और वरिष्ठ राजयोगी शिक्षक सूरज भाई वक्ता ज्ञान सरोवर आबू पर्वत, ब्रह्माकुमारी गीता बहन और पीस ऑफ माइंड चैनल के प्रसिद्ध एंकर बी के रूपेश भाई एवं बी के भानु भाई गायक शांतिवन आबू रोड के द्वारा 10 नवंबर को सुबह 10 बजे उद्घाटन किया जाएगा। राजयोग भवन में मेडिटेशन रूम है जिसमें बैठकर कोई भी अपने मन को एकाठा कर सकता हैं इसी तरह ऊपर विशाल सभागार बनाया गया है जिसमें सांस्कृतिक गतिविधियां कार्यक्रम आयोजित होंगे।

न्यायालय : वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अजमेर
नोटिस वास्ते जाहिर करने वजह
एल0 एल0 सी0 प्रकरण संख्या 14/2014
सी.आई.एस. नम्बर 342/2014
यू.आई.टी. बनाम इस्लाम
विरूद्व : 1. इस्लाम पुत्र नीम्बा कौम चीता निवासी ग्राम चौरसियावास तहसील व जिला अजमेर
एवं उनके समस्त वारिसान क्योंकि भूमि अवाप्ति अधिकारी यूआईटी / एडीए में अदालत में दरख्वास्त पेश की है कि प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 31 केन्द्रीय भूमि अवाप्ति अधिनियम 1894 (संशोधित 1984 ) मुआवजा वितरित करने बाबत् लिहाजा आपको इतला दी जाती है कि तारीख 13 माह 11 सन् 2024 को प्रातः 10 बजे अदालत हाजा में असालतन व वकालतन हाजिर होकर खिलाफत जाहिर करो वरना दरख्वास्त मजकूर इकतरफा सुनी व फैसल की जायेगी।
बसख्त मेरे दस्तखत मुहर अदालत आज व तारीख 06 माह 11 सन् 2024 को जारी किया गया।
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अजमेर

NAME CHANGE
I MARY SUTHA is mother of Army No 15793062H Rank:-NK (OCC) Name RAJA SELVAN S Residing at Village- KOTHANALLOOR, Post - MANALIKARAI Teh - KALKUZHAM Dist - KANYAKUMARI State-TAMIL NADU Pin - 629164I Have changed my name MARY SUTHA to R MARY SUTHA Vide affidavit no BW 942278 Date 08/11/2024 before court Campus Nasirabad

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की के राजस्व ग्राम थोक मालियान-III के खसरा नं. 8045 में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या ... क्षेत्रफल 383.32 वर्गफीट के आवंटी/अन्तरिति श्रीमती मुन्ना देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री भगवान गोस्वामी निवासी 40/117, गली नं. 3, न्यू केसरी कॉलोनी, वंसीवाला रोलिंग मिल के पीछे, आदर्श नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 13.2.2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत दिनांक 17/12/2021) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री 1. पुष्पेन्द्र गोस्वामी पुत्र स्व. भगवान गोस्वामी 2. विनय शर्मा पुत्र पुष्पेन्द्र गोस्वामी 252, गली नं. 3, न्यू केसरी कॉलोनी, बालूपुरा रोड, आदर्श नगर अजमेर 305001 द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।
उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

## 'उद्योग व व्यापार को बढ़ावा देने के लिये सरकार संकल्पबद्ध'


**केकड़ी,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जयपुर में 9 से 11 दिसंबर 2024 तक प्रस्तावित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 की कड़ी में शुक्रवार को केकडी में जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टर मीट का आयोजन अजमेर रोड़ स्थित कटारिया ग्रीन्स में किया गया। इस दौरान जिला और प्रदेश के औद्योगिक विकास की संकल्पना साकार हुई। कार्यक्रम में निवेशकों ने उत्साह से 3 हजार करोड़ रुपए से अधिक के 239 एमओयू किए गए। जिससे हजारों लोगो को रोजगार मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन से किया। देश-प्रदेश के औद्योगिक परिवेश और केकडी के उद्योग एवं व्यापार पर आधारित डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई।

उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप उद्यिमयों और निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिये इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया गया है। इसके माध्यम से जहां एक ओर जिले के साथ-साथ प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर रोजगार का भी सृजन होगा। राइजिंग केकड़ी इन्वेस्टर मीट आयोजन के लिये सरकार और इसमें निवेश करने वाले उद्यिमयों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उद्योग एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिये सरकार संकल्पबद्ध है। निवेश के माध्यम से रोजगार और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में निवेश बढ़े, बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग के साथ उनका क्रियान्वयन हो और राज्य का आधारभूत ढांचा मजबूत हो, इसके लिये राज्य सरकार प्रयासरत है।

केकडी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने निवेशकों उद्यिमयों और गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि राइजिंग राजस्थान मुख्यमंत्री का दूरदर्शी विजन है। उनकी मंशा के अनुरूप निवेशकों एवं उद्यिमयों को व्यापार के अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवा कर समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। औद्योगिक निवेश से आमजन को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बड़े स्तर पर रोजगार मिल सकेगा। उद्यिमयों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने में किसी तरह की कमी नहीं रहने दी जाएगी हम सभी को मिलकर केकड़ी में औद्योगिक विकास के लिए कार्य करना होगा।

जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने कहा कि जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट के लिए 239 एमओयू के प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इनसे 3 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आएगा। लगभग 6 हजार से अधिक के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुसार यह मीट युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान करने और जिले में निवेश बढ़ाने के लिए उपयोगी साबित होगी।

## एडीए के अधिकारी पर विधायक भदेल ने लगाए भष्ट्राचार के आरोप


एडीए के अधिकारी पर विधायक भदेल ने भष्ट्राचार के आरोप लगाए

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण के अधिकारी बिना पैसों के काम नहीं करते है भष्ट्राचार करते है। यह आरोप शुकवार को अजमेर दक्षिण से पाच बार की विधायक व पूर्व मंत्री अनिता भदेल ने यूडीएच मंत्री के सामने खुलकर लगाए।

दरअसल अज्मेर स्थित एक गेस गोदाम पर अजमेर विकास प्राधिकरण ने पिछले दिनों कार्यवाही करते हुए सीज कर दिया था। अजमेर विकास प्राधिकरण का मानना था की यह गोदाम अवेध रूप से संचालित हो रहा है लेकिन परिवादी के दस्तावेज दिखाने के बावजूद अधिकारी भरतराज गुर्जर नहीं माने और सीज की कार्यवाही को अंजाम दे दिया। पीड़ित परिवादी अजमेर दक्षिण की भाजपा विधायक अनीता भदेल के पास पंहुचा और अपनी आपबीती सुनाई। आज जब यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खरा अजमेर पहुचे तो उन्होंने अजमेर के सर्किट हाउस में जनसुनवाई की इस दौरान अनीता भदेल भी परिवादी को लेकर सर्किट हाउस पहुच गई और अधिकारियो पर भड़क गई।भदेल ने मंत्री झाबर सिंह के सामने ही एडीए उपायुक्त को जमकर आडे हाथों लिया और कहा कि अधिकारी भरतराज गुर्जर इस परिवादी से भी पैसे मांग रहा है जो काम नियमानुसार है उन्हें भी परेशान किया जा रहा है। भदेल ने आरोप लगाया कि अधिकारी कहता है क़ि फोन करवा दिया तो 35 हजार लगेंगे 40 हजार लगेंगे .. फ़ोन करवाने पर रेट बढ़ जाएगी।भदेल की नारजगी के बाद मंत्री झाबर सिंह ने एडीए आयुक्त नित्या के. को भी सर्किट हाउस बुलाया और उन्हें एडीए का ढर्रा सुधरने की नसीयत दी। उन्होंने कहा की इस तरह लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोरतलब है की पिछले दिनों एडीए ने कार्यवाही करते हुए मनोज डीडवानीया के गैस गौदाम को सीज कर दिया था जबकि मनोज ने अधिकारियो को एडीए के द्वारा ही आवंटित किया गया पट्टा सहित अन्य दस्तावेज भी पेश किये लेकिन अधिकारियो ने मनोज की एक नहीं सुनी और उनके गोदाम पर कारवाही करते हुए सीज कर दिया। परिवादी मनोज ने अरोप लगाया कि सीज करने से पहले एडीए के अधिकारियों द्वारा उन्हे किसी भी तरह का कोई नोटिस भी नही दिया।

NAME CHANGE
I, Army No 15160641X Rank : HAV, Name: RAJKUMAR NIRMALKAR Residing at Vill:-BUDGHAN Post:-BUDGHAN, Teh:-JANJGIR, Dist:- JANJGIR-CHAMPA, State:-CHHATTISGARH, Pin:-495559 have change my Daughter Name from RISHIKA NIRMALKAR to RISHIKA Vide affidavit No. BW 240640 Dated 04/11/2024 before Court campus Nasirabad

कार्यालय ग्राम पंचायत फलामादा, पंचायत समिति फलामादा, जिला भीलवाडा
क्रमांक 33 दिनांक : 21.10.2024
निविदा सूचना 2023-24
ग्राम पंचायत फलामादा की और से विभिन्न कार्यों हेतु ग्राम पंचायत की SFC/FFC के उपयुक्त श्रेणी में विभिन्न राजकीय एवं मान्यता प्राप्त पंजिकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकास कार्यों की मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी सभी शर्तें कार्यालय समय में ग्राम पंचायत फलामादा में देखी जा सकती है।
UBN No:-... ZBL2425GSRCO1626
NIB No:-ZBL2425A0694
सरपंच ग्राम पंचायत फलामादा पंचायत समिति हुरडा जिला भीलवाडा
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत फलामादा पंचायत समिति हुरडा जिला भीलवाडा

न्यायालय : वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अजमेर
नोटिस वास्ते जाहिर करने वजह
एल0 एल0 सी0 प्रकरण संख्या 18/2014
सी.आई.एस. नम्बर 354/2014
यू.आई.टी. बनाम भोला
विरूद्व : 1. जासुद्दीन पुत्र स्व. श्री भोला
2. बशीर पुत्र स्व. श्री भोला
3. बाया पुत्री स्व. श्री भोला
समस्त निवासीगण ग्राम चौरसियावास तहसील व जिला अजमेर
एवं उनके समस्त वारिसान क्योंकि भूमि अवाप्ति अधिकारी यूआईटी / एडीए में अदालत में दरख्वास्त पेश की है कि प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 31 केन्द्रीय भूमि अवाप्ति अधिनियम 1894 (संशोधित 1984 ) मुआवजा वितरित करने बाबत् लिहाजा आपको इतला दी जाती है कि तारीख 13 माह 11 सन् 2024 को प्रातः 10 बजे अदालत हाजा में असालतन व वकालतन हाजिर होकर खिलाफत जाहिर करो वरना दरख्वास्त मजकूर इकतरफा सुनी व फैसल की जायेगी।
बसख्त मेरे दस्तखत मुहर अदालत आज व तारीख 06 माह 11 सन् 2024 को जारी किया गया।
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अजमेर

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED
( भारत सरकार का उद्यम A Government of India Enterprise )
रावतभाटा राजस्थान साइट RAWATBHATA RAJASTHAN SITE
पो.अणुशक्ति, वाया-कोटा ( राजस्थान ) पिन-323303
Post-Anushakti, Via-Kota (Rajasthan) PIN323303
शुद्धि पत्र सं.- 01 Corrigendum No. 01
( सन्दर्भ-विज्ञापन संख्या-आरआरसाइट/मा.सं.प्र./04/2024
Ref.: Advertisement No.- RR Site/HRM/04/2024
रावतभाटा राजस्थान साइट द्वारा जारी भर्ती विज्ञापन सं. आर आर साइट/मा.सं.प्र./04/2024 क्लॉज संख्या 11-चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत बिन्दु संख्या 4 में आंशिक परिवर्तन करते हुए प्राथमिक व प्रगत परीक्षाए एक ही दिन में आयोजित की जाएगी और यथावश्यक 30 से 120 मिनट तक का अंतराल दिया जाएगा के स्थान पर प्राथमिक व प्रगत परीक्षाएं एक ही दिन में बिना किसी अंतराल के, एक के बाद एक आयोजित की जाएगी के रूप में पढ़ा जाए। संदर्भित विज्ञापन में निहित अन्य सभी दिशानिर्देश यथावत रहेंगे।
उप प्रबंधक ( मा.सं.प्र. )Dy. Manager (HRM)
न्यूक्लियर विद्युत एक स्वच्छ टिकाऊ भविष्य
Providing a Clean and Sustainable Future
CBC-48132/12/0016/2425

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की ताकत और स्वाभिमान पूरी दुनिया में बढ़ा है : डॉ. पूनियां

- खींवसर में डॉ. सतीश पूनियां के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब, किसानों और युवाओं ने फूलों की बारिश कर अभिनंदन किया

**जयपुर/ नागौर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में झुंझुनूं, अलवर के रामगढ़ में भाजपा प्रत्याशियों की समर्थन में चुनाव प्रचार करने के बाद भाजपा हरियाणा प्रभारी व भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने आज नागौर जिले के खींवसर के संखवास, जनाना, खजवाना इत्यादि विभिन्न स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी रेवंतराम डांगा के समर्थन में किसान सम्मेलनों को संबोधित कर भाजपा को भारी मतों से जिताने की अपील की।

खींवसर की वीर धरा पर सतीश पूनियां के स्वागत में किसानों और युवाओं ने पलक पाँवड़े बिछाकर फूलों की बारिश कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया और भाजपा को समर्थन जिताने का संकल्प लिया।डॉ. सतीश पूनियां ने संबोधित कर कहा कि, यह खींवसर के भाग्य का चुनाव है, खींवसर के विकास का चुनाव है, खींवसर का भाग्य भारतीय जनता पार्टी और रेवंतराम डांगा के हाथों में सुरक्षित है, रेवंतराम इतने सीधे और सरल हैं कि कोई भी यहां का आम आदमी, दुकानवाला, मकान से, खेत, खलिहान से कहीं से भी पुकारता है तो वह सब कहते हैं कि हां हम रेवंतराम को जानते हैं, यह संजीदा इंसान हैं, पिछली बार कुछ ही वोटों के अंतर से यह नहीं जीत पाए थे, जिसके लोग अलग-अलग कारण बताते हैं लोग, कुछ लोग कहते हैं कि दुर्ग सिंह इनके साथ नहीं थे, लेकिन आज तो दुर्ग भी साथ हैं और सिंह भी साथ हैं और सभी 36 कौम साथ है तो वीर तेजाजी महाराज की पवित्र जन्मस्थली की जनता ने ठान लिया है कि खींवसर में भाजपा और रेवंतराम की जीत सुनिश्चित है।

डॉ. पूनियां ने कहा कि, हम सबका सौभाग्य कि दुनिया के सबसे मजबूत नेता प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी हैं, जिन्होंने देश का स्वाभिमान ऊंचा करने का काम किया है।अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव हुए तो जब वहां वोटों की गिनती चल रही थी तो मुझे हमारे यहां के पत्रकार ने पूछा कि भारत के लिए कमला हैरिस ठीक रहेगी है या डोनाल्ड ट्रंप, दुनिया का सबसे ताकतवर देश है अमेरिका, मैंने कहा जीते कोई भी लेकिन सेल्फी तो भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खिंचवानी पड़ेगी, यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत की ताकत और भारत का स्वाभिमान पूरी दुनिया में बढ़ा है।उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान के जमीर को जगाने और लौटाने का काम किया है। यहां बड़ी संख्या में किसान सरदारी बैठी है, 55 वर्षों तक कांग्रेस को राज करने का मौका मिला, लेकिन पहली बार देश के किसानों को सहूलियत देने का काम किया तो वह अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था किसान क्रेडिट कार्ड से लेकर फसल बीमा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क इत्यादि तमाम योजनाओं के जरिए किसान को मजबूत करने का काम किया और अब पीएम किसान सम्मान निधि इत्यादि तमाम कल्याणकारी योजनाओं से नरेंद्र मोदी अन्नदाता किसान को आत्मनिर्भर बना रहे हैं।प्रधानमंत्री जब संजीदा हों तो शहरों को गांवों से जोड़ता है, देश में 6 लाख किलोमीटर सड़कें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी हैं। देश में गरीबों के 54 करोड़ खाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन में खुले हैं, जिससे उन्हें योजनाओं का सीधा पैसा इनके खाते में जा रहा है।पहले माता-बहनें गांव में अंधेरा होने का इंतजार करती थीं, लेकिन उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और सम्मान बढ़ाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 10 करोड़ शौचालय बनवाकर किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत एवं कुशल नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया का सर्वशक्तिशाली देश बनेगा।देश का लोकतंत्र 36 कौम से चलता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने राजस्थान में भाजपा की सरकार बनाई, मैं हरियाणा से आया हूं पूरे देश की निगाह हरियाणा पर थी, एग्जिट पोल, मीडिया, सोशल मीडिया सबकी नजरें हरियाणा पर थीं, लेकिन लोकतंत्र विचार से चलता है, हरियाणा की जनता ने सबकी सुनी लेकिन हरियाणा की जनता ने कहा कि हम राम के साथ हैं, देश के साथ हैं, राष्ट्रवाद के साथ हैं, इसलिए हरियाणा की जनता ने प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा को चुना, विकास को चुना, हरियाणा के नतीजों के बाद अब यह लग रहा है कि उपचुनाव में राजस्थान में सभी सातों सीटें भाजपा जीतेगी, यहां की जनता ने भाजपा को जिताने का मन बना लिया है। हरियाणा से राम और राष्ट्र का संदेश लेकर आया हूं, खींवसर में भाजपा की जीत होगी, यहां की जनता बखूबी जानती है कि देश संविधान, वंदे मातरम और राम के विचारों से चलता है।सतीश पूनियां के साथ खींवसर चुनाव प्रचार में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, राजस्थान सरकार में मंत्री हरलाल खर्रा, राजस्थान किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी, पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चम्पालाल गेदर, जिला अध्यक्ष रामनिवास सांखला, गजेंद्र ऑडिट, भाजपा प्रत्याशी रेवंतराम डांगा, वरिष्ठ नेता रिछपाल मिर्धा,जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी, पुखराज पहाड़िया इत्यादि सहित युवा, किसान और माता-बहनें उपस्थित रहे।

## क्रय विक्रय सहकारी समिति व कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण

**जयपुर,** (कासं)। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी श्री राजन विशाल द्वारा शुक्रवार को भीलवाड़ा में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में मृदा विश्लेषण प्रक्रिया की जानकारी विभागीय अधिकारियों द्वारा ली गई तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने की प्रगति की समीक्षा की। शासन सचिव द्वारा जिले के अधिकारियों द्वारा राज किसान साथी पोर्टल पर डीबीटी योजनाओं की प्रगति, एसएनए स्पर्श एवं गुण नियंत्रण कार्य की प्रगति की चर्चा की गई। शासन सचिव द्वारा कार्यालय में ई-फाइलिंग, उर्वरक नमूना प्रक्रिया, फसल बीमा प्रगति की जानकारी, बुवाई सूचना संकलन की प्रक्रिया, ऑनलाइन बिल प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली एवं विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।श्री राजन विशाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि विभाग की योजनाओं द्वारा ज्यादा से ज्यादा कृषकों को लाभान्वित करें तथा कृषि पर्यवेक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में चौपालों का आयोजन कर विभागीय योजनाओं की जानकारी कृषकों पहुंच कर उन्हें लाभान्वित करें।शासन सचिव ने क्रय विक्रेता सहकारी समिति भीलवाड़ा एवं शर्मा बीज भंडार पर आदान व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उर्वरक एवं बीज वितरण के आवश्यक निर्देश दिए।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
ई-नीलामी मे अमानत राशि जमा एवं बोली दिनांक 05.11.2024 से लगाई जा सकती है
भूखण्डों की ई-नीलामी दिनांक 18.11.2024 से 10.12.2024 तक
71
आवासीय,व्यावसायिक एवं आवासीय मय व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भूखण्ड
पूर्ण भुगतान के लिए एक वर्ष का समय, 15 दिवस में पूर्ण राशि जमा कराने पर 2 प्रतिशत की छुट देय हैं
11 गणेश गुवाड़ी आवासीय योजना
15 दौराई व्यावसायिक योजना
05 हरिभाऊ उपाध्याय विस्तार आवासीय योजना
12 ट्रांसपोर्ट नगर व्यावसायिक योजना
02 कोटड़ा आवासीय मय व्यावसायिक योजना
04 पंचशील नगर आवासीय योजना
19 चन्द्रवरदाई नगर आवासीय योजना
03 ज्वाला प्रसाद नगर आवासीय योजना
Total Plots 71
नीलामी के नियम व शर्तो के लिए अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर की वेबसाईट ada.rajasthan.gov.in पर देखे एवं SSO I.D द्वारा लॉगिन करे।
भूखण्डों की अधिक जानकारी के लिए कॉल करेः- 8696921623
ऑनलाईन नीलामी के प्रक्रिया के बारे में कॉल करेः-
9571622903 / 9269681471
टोडमल लैन, सिविल लाईन्स, अजमेर- 305001
राज.संवाद/सी/24/7493